

# साथी ढूंढो

हर लाइन में पहले चित्र जैसा एक ही चित्र है। उसे पहचानकर उसमें नाम लिखो।



# झूले वाला



एक बार एक गाँव में एक झूले वाला आया। उसके पास एक बहुत बड़ा झूला था। उस झूले में आठ पालकियाँ थीं। झूला चलता तो पालकियाँ गोल–गोल घूमतीं।

देखते–देखते वहाँ बहुत से बच्चे इकट्ठे हो गये। सब झूलना चाहते थे। झूलेवाले ने उनकी लाईन बनवा दी। बच्चे लाईन से झूले में बैठने लगे।

एक पालकी में पाँच बच्चे बैठ सकते थे। झूला जब भर गया तो झूलेवाले ने बाकी बच्चों को रोक दिया। पहली पाली के बच्चे जब झूलकर उतरे तो फिर लाईन आगे बढ़ी।

पर यह क्या? झूलनेवालों का तो मन ही नहीं भरा। वे फिर से लाईन में लग गये। बस, झूलेवाला झुलाता रहा और बच्चे झूलते रहे। अभी भी शायद कोई उस गाँव में जाये तो झूला चलता हुआ पायेगा।

- झूले के बारे में कुछ सवाल

– झूले में एक बार में कितने बच्चे झूल सकते थे?


8 X 5

– जब 5 पालकियाँ भरीं थी तो झूले में कितने बच्चे थे?

यदि एक पालकी में 4 ही बच्चे बैठ पाते, तो झूला भरने पर कितने बच्चे बैठते?

शाम का समय है। गाँव में धीरे–धीरे हलचल बढ़ रही है। दिन भर के बाद लोग लौट रहे हैं। बिसनू ढोर लेकर लौट रहा है। मुनिया और उसका पति खेत से आ रहे हैं। डाकिया बाबू साइकिल से लौट रहे हैं। कल्लू मल्लाह अपनी नाव वापिस ला रहा है। उधर जंगल से कलसो और लखन चले आ रहे हैं। और सड़क पर सुक्कू चाचा अपनी बैलगाड़ी में आ रहे हैं। उन्होंने आज बाज़ार में घड़े बेचे हैं।

सुखवती ने तो अभी से ही खाना बनाना शुरू कर दिया है। पर लछमी और सुरता अभी तक पानी ला रही हैं। टिल्लू मुन्नी नदी गये हैं। बिजना की माँ और उनकी सहेलियाँ घर के बाहर बैठ कर बात चीत कर रही हैं। बिजना तो अभी तक झूला झूल रही है। और एक चूड़ी वाले को चूड़ी बेचते हुए देख रही है। पास ही बड़ के नीचे बड़े–बूढ़े बात चीत कर रहे हैं।



इस चित्र में चीज़ें पहचानो। जो छूट गया है उसे बनाकर चित्र पूरा करो।

● यहाँ पर दिखाई गई चीज़ों को देखो। इनमें से क्या–क्या तुम्हारे यहाँ भी हैं? और क्या–क्या तुम्हारे यहाँ नहीं हैं? जो नहीं हैं उस पर गोला लगाओ।

बातचीत करो–

– तुम्हारे गाँव या मोहल्ले में शाम को क्या–क्या होता है?

● खाली जगह में अपने गाँव या मोहल्ले का चित्र बनाओ।


# बूज़ो ने खाया गुड़

बूज़ो बंदरिया बड़ी ही नटखट थी। एक दिन वह नाई से बोली–" नाई, नाई! मेरा सिर मूँड दो।"

नाई ने सिर मूँड दिया तो बूज़ो उसका उस्तरा लेकर भाग गई। नाई चिल्लाया–अरी बूज़ो, मेरा उस्तरा कहाँ ले जा रही हो?


बूज़ो बोली–

'मेरे बाल तेरे पास, तेरा उस्तरा मेरे पास।



आगे जाकर बूज़ो को एक घसियारा मिला। वह घास छील रहा था।

बूज़ो ने उस्तरा फेंक दिया और घास



उठा कर भाग गई। घसियारे ने आवाज़ दी–यह क्या बूज़ो?

बूज़ो बोली–

'मेरे बाल नाई के पास, नाई का उस्तरा तेरे पास तेरी घास मेरे पास।'

भागते भागते बूज़ो को एक दुकानदार मिल गया। उसके पास गुड़ था। बूज़ो ने घास फेंकी और गुड़ लेकर भाग खड़ी हुई। दुकानदार चिल्लाया–


बूज़ो? बूज़ो?

बूज़ो बोली–

मेरे बाल नाई के पास, नाई का

उस्तरा घासी के पास घासी की घास तेरे पास तेरा गुड़ मेरे पास।

यह कह कर बूज़ो गुड़ खाने लगी।



- नीचे से चुनकर भरो–

बूजो ........ थी।

उदास, खुश, नटखट, चतुर बहादुर, बेवकूफ, डरपोक

- सही जोडी बनाओ–

नाई घासी दुकानदार किसान

हँसिया तराजू उस्तरा हल

| | | |
|---|---|---|
| बूज़ो के बाल | बाल नाई को दिये | उस्तरा लिया |
| नाई का उस्तरा | उस्तरा घासी को दिया | ........ ली |
| घासी की घास | ............को दी | ....... लिया |
| दुकानदार का गुड़ | .................... | ................ |

* बूज़ो ने घासी को क्या दिया?
* बूज़ो ने दुकानदार से क्या लिया?

- कहानी सब को सुनाओ।
- ऐसी और कहानियाँ ढूंढो, बनाओ और सुनाओ।

# कुछ और मौखिक सवाल ......

एक मधुमक्खी ने 4 सेमल और 5 टेसू के फूलों से रस लिया। फिर वह छत्ते की तरफ उड़ गई। उसने कुल कितने फूलों से रस लिया?

10 बच्चे मिट्‌टी के खिलौने बना रहे थे। हर बच्चे ने 1 हाथी और 1 चूहा बनाया। सभी ने मिलकर कुल कितने जानवर बनाए?

गबरू पुस्तकालय की किताब पढ़ रहा था। उसने तब तक 12 पेज पढ़े थे। किताब में 25 पेज हैं। गबरू को कितने पेज और पढ़ने हैं?

राहुल के पास 3 कंचे हैं। शेरू के पास उससे दुगने कंचे हैं। शेरू के पास कितने कंचे हैं? घीसू के पास राहुल से 4 गुने कंचे हैं। घीसू के पास कितने कंचे हैं।


रमा के पास 20 सिक्के हैं। रेणु के पास रमा से आधे सिक्के हैं। रेणु के पास कितने सिक्के हैं?

गुरुजी ने कक्षा के बच्चों को 4-4 की पंक्ति में बैठाया। आज पूरी 3 पंक्तियों में बच्चे बैठे। कक्षा में आज कुल कितने बच्चे हैं?

गुरुजी रंगीन पेंसिल के 5 डिब्बे लाए। हर डिब्बे में 6 पेंसिल हैं। गुरुजी के पास कुल कितनी पेंसिल हैं?

● **ऐसे** और भी सवाल करो। अपने दोस्त के लिए सवाल बनाओ भी


# बिल्ली और चूहा



1. एक बिल्ली चूहे के पीछे भागी। चूहा पकड़ा जाता। चूहा छोटा था। पर चूहा बोतल में घुस गया।




2. बिल्ली ने खूब कोशिश की। पर चूहा पकड़ में नहीं आया।



3. बिल्ली चली गई। उसने सोचा कुछ उपाय करके लौटती हूँ।

4. इतने में चूहे के तीन दोस्त आ गए। दो चूहे एक के ऊपर एक चढ़े। तीसरा उन दोनों के ऊपर चढ़ गया। तीसरे चूहे ने बोतल में अपनी पूँछ लटका दी। बोतल में बैठा छोटा चूहा पूँछ पकड़कर बाहर आ गया। चारों चूहे भाग गए।



5. बिल्ली जाल और बंसी लेकर आई। पर उसे बोतल खाली मिली। बिल में से चूहा बोला — "किसे ढूंढ़ रही हो मौसी"? और बिल के अंदर भाग गया।

# संख्या चार्ट - 2

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | | 12 | | | | 16 | 17 | 18 | |
| | 21 | 22 | 23 | 24 | | | | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | | | | |
| 40 | 41 | 42 | | | | | | | |
| 50 | | | | | 55 | | | | |
| | | | | | | | 67 | | |
| 70 | | | | 74 | 75 | | | | 79 |
| 80 | | | 83 | | | | 87 | | |
| 90 | 91 | 92 | | | | 96 | 97 | 98 | 99 |
| 100 | | | | | | | | | |

- 79 के बाद कौन-सी संख्या है ?
- 60 से 69 तक कितने घर खाली हैं ?
- 75 से 83 तक पहुँचने के लिए कितने घर आगे बढ़ना होगा ?
- खाली घरों में संख्या भरो।
- 63 से 55 तक पहुँचने में कौन सी संख्याएँ मिलीं ?
- **ऐसे और सवाल अपने साथियों को दो। जल्दी हल करने का खेल दो टीमों में खेलो।**

- 0 के बाद हर तीसरे घर में हरा रंग भरो।
- 0 के बाद हर चौथे घर में पीला रंग भरो।
- हरे और पीले घरों की संख्याओं की सूची बनाओ।
- ऐसी कौन सी संख्याएँ हैं जिनमें हरा, पीला दोनों रंग भरे हैं।